## महत्वपूर्ण एवं खास

### सारंगढ़ कालेज खेल ग्राउंड में मिले अज्ञात महिला शव मामले में हत्या का अपराध दर्ज

**रायगढ़।** दिनांक 14.08.2022 को थाना सारंगढ़ क्षेत्र अंतर्गत शासकीय कालेज सारंगढ़ खेल ग्राउण्ड के सीमेंट बिजली खम्भा के पास अज्ञात महिला उम्र करीब 30-32 वर्ष का शव मिला था जिसके गले में रबर की रस्सी बंधा हुई थी। सारंगढ़ पुलिस शव पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कराकर संक्षिप्त पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया। गवाहों के कथन, पीएम रिपोर्ट एवं मौजूद साक्ष्य पर महिला की हत्या कर रबर की रस्सी को गले में कसकर हत्या को आत्महत्या (फांसी) का स्वरूप देना पाये जाने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सारंगढ़ पुलिस द्वारा अज्ञात महिला के वारिशान का पता लगाया गया है, जिनसे पूछताछ कर हत्या के कारणों एवं अज्ञात आरोपी का पतासाजी किया जा रहा है।

### जिले में 870.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 16 अगस्त तक 870.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 80.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1097.8 मिली मीटर, पुसौर में 1148.4, खरसिया में 889.1, सारंगढ़ में 1175.2, बरमकेला में 847.8, घरघोड़ा में 665.7, तमनार में 900.2, लैलूंगा में 725.5, धरमजयगढ़ में 726.3, सरिया में 790.7 एवं छाल में 605 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### थल सेना भर्ती (अग्निवीर) रैली 13 से 22 नवम्बर तक

**रायगढ़।** भारतीय थल सेना भर्ती (अग्निवीर) रैली का आयोजन 13 से 22 नवम्बर 2022 तक रायपुर में किया जाएगा। इस आयोजन में सम्मिलित होने हेतु आवेदकों को वेब साईट www.joinindianarmy.nic.in में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि 3 सितम्बर 2022 है। इस आयोजन में जनरल ड्यूटी अग्निवीर, टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर एवं अग्निवीर ट्रेड के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। इस भर्ती रैली में सम्मिलित होने के लिए आवेदकों की अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता पदवार 8वीं, 10वीं, 12वीं तथा जन्म तिथि 01 अक्टूबर 1999 से 1 अप्रैल 2005 के बीच होना चाहिए। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### होटल मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स में प्रवेश हेतु 25 अगस्त तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एण्ड अप्लाइड न्यूट्रीशन, रायपुर में होटल मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स होटल मैनेजमेंट में डिग्री कोर्स-बीएससी (हॉस्पिटलिटी एवं होटल एडमिनिस्ट्रेशन), डिप्लोमा कोर्स-डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विस तथा डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग आपरेशन का संचालन, छ.ग. शासन द्वारा किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए उक्त डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स में जिले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों के प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदकों से 25 अगस्त 2022 तक ई-मेल cssdmraigarh@gmail.com एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण कार्यालय, रायगढ़ में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। चूंकि प्रवेश हेतु सीटों की संख्या सीमित है अत: अधिक आवेदन होने पर मेरिट के आधार पर प्रवेश हेतु चयन किया जाएगा। डिग्री, डिप्लोमा कोर्स की अवधि पूर्ण करने हेतु आवेदकों के शिक्षण शुल्क एवं छात्रावास तथा मेस शुल्क जिला प्रशासन द्वारा वहन किया जावेगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिले के खनन प्रभावित क्षेत्र की सूची तथा आवेदन फार्म हेतु जिले की वेबसाइट www.raigarh.gov.in एवं कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश के तीन उत्कृष्ट स्वावलंबी गौठानों को किया सम्मानित

### गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार अधिकारियों का भी सम्मान

**रायपुर (आरएनएस)।** गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार अधिकारियों का भी सम्मानमुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में आर्थिक गतिविधियों के कुशल संचालन एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदेश के तीन स्वावलंबी गौठानों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इन तीनों गौठानों को 50-50 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड के केसरा गौठान, रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड के चटौद गौठान और कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा के डोन्डे, हरनगढ़ गौठान को सम्मानित किया गया। इन तीनों गौठानों के गौठान समिति के अध्यक्ष क्रमश: सर्वश्री कनक सोनी, तिलक वर्मा और विष्णु साहू ने अपने-अपने गौठान की तरफ से यह सम्मान ग्रहण किया।

क्रमश: सर्वश्री कनक सोनी, तिलक वर्मा और विष्णु साहू ने अपने-अपने गौठान की तरफ से यह सम्मान ग्रहण किया।सुराजी गांव के अंतर्गत राज्य स्तरीय गोधन न्याय सेल में योजना के संचालन, क्रियान्वयन और समन्वय में उत्कृष्ट कार्य के लिए चार अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें कृषि विभाग के संयुक्त संचालक रामलखन खरे, ओएसडी डॉ. मौसम मेहरा, सहायक संचालक चंदन राय और चिप्स



(ष्ट॥ढ्ढक्कस्) के वरिष्ठ सलाहकार नीलेश सोनी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

चार अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें कृषि विभाग के संयुक्त संचालक रामलखन खरे, ओएसडी डॉ. मौसमकेसरा गौठान में स्वसहायता समूह के जरिए पशुपालकों से 4900 क्विंटल गोबर खरीदकर उससे 1700 क्विंटल कम्पोस्ट तैयार कर विक्रय किया गया है। केसरा गौठान में आर्थिक गतिविधियों के अंतर्गत महिला स्वसहायता समूहों द्वारा मुर्गीपालन, बकरीपालन, मछलीपालन, बाड़ी विकास एवं तेल पेराई मशीन जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इनसे अब तक 12 लाख रूपए से भी अधिक की आय हुई है। केसरा गौठान समिति ने एक वर्ष में 100 से भी अधिक लावारिस पशुओं को आश्रय दिया है। वहां इनकी देखरेख भी की जा रही है।

वहां इनकी देखरेख भी की जा रही है।चटौद गौठान समिति में पशुपालकों से अब तक 5500 क्विंटल गोबर खरीदकर 2200 क्विंटल कम्पोस्ट तैयार कर विक्रय किया गया है। गौठान में सीता महिला संगठन मुर्गीपालन, मछलीपालन, बकरीपालन, बाड़ी विकास के साथ मशरूम उत्पादन, पापड़, आचार, बड़ी, वाशिंग पावडर आदि का उत्पादन कर रही है। सीता महिला समूह गौमूत्र खरीदी कर कीटनाशक नीमास्त्र और ब्रम्हास्त्र बना रही है, जो जैविक खेती के लिए रसायनमुक्त कीटनाशक है। गौठान समिति ने विभिन्न आयमूलक गतिविधियों से अब तक करीब 12 लाख रूपए की आय अर्जित की है। साथ ही केंचुआ विक्रय कर तीन लाख 60 हजार रूपए की अतिरिक्त आय भी अर्जित की है।

डोन्डे, हरनगढ़ गौठान में समूह के माध्यम से पशुपालकों से 6200 क्विंटल गोबर की खरीदी कर 2900 क्विंटल कम्पोस्ट तैयारडोन्डे, हरनगढ़ गौठान में समूह के माध्यम से पशुपालकों से 6200 क्विंटल गोबर की खरीदी कर 2900 क्विंटल कम्पोस्ट तैयार किया गया है। गौठान में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने मछलीपालन, बाड़ी विकास, मशरूम उत्पादन, दीया निर्माण जैसी आयमूलक गतिविधियां संचालित कर छह लाख 48 हजार रूप से अधिक की कमाई की है। गौठान द्वारा वर्मी कम्पोस्ट विक्रय और गोबर क्रय का कार्य लगातार किया जा रहा है।

# गुणवत्ता जांच के लिए वर्मी कंपोस्ट सैंपल के लिए भेजे गए थे बिलासपुर, रास्ते से 102 सैंपल गायब

**कोरबा।** गौठानों से गोबर खरीदने के बाद बनाए जाने वाले वर्मी कंपोस्ट की बिक्री से पहले गुणवत्ता की जांच के लिए बिलासपुर भेजे जाते हैं, कोरबा से बिलासपुर लैब भेजे गए 102 सैंपल रास्ते से ही गायब हो गए। इस मामले में स्थानीय अधिकारी अनभिज्ञता जता रहे हैं।

गौरतलब है कि 2020 में शुरु हुई गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर खरीदकर वर्मी कंपोस्ट बनाया जा रहा है। जिसे समितियों के माध्यम से खरीदा जाता है। सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक गौठानों में बनने वाले कंपोस्ट की गुणवत्ता जांचना अनिवार्य है। कोरबा के सैंपल बिलासपुर भेजे जाते हैं। तोरवा स्थित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में जांच के बाद उर्वरक की रिपोर्ट के आधार पर बिक्री की अनुमति दी जाती है। कोरबा जिले में विगत एक साल में 429 सैंपल भेजे गए थे। इसमें से 102 सैंपल ऐसे हैं जो आज तक मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला पहुंचे ही नहीं। ये सैंपल रास्ते से ही गायब हो गए। इतने अधिक संख्या में सैंपल के गायब हो जाने के मामले को अधिकारी दबाने में लगे हुए हैं। एक तरफ स्थानीय अधिकारी कह रहे हैं सैंपल के गायब होने का मामले की जानकारी उनको नहीं है। जबकि विधानसभा में खुद रिपोर्ट भेजी गई है।

इतने महत्वपूर्ण योजना को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं है। बीते दो साल से योजना चल रही है, लेकिन अब तक एक भी लैब तैयार नहीं किया जा सका है, जहां वर्मी कंपोस्ट की जांच कराई जा सके। गौठानों से उर्वरकों का सैंपल लेकर हर दूसरे महीने बिलासपुर लैब भेजा जा रहा है। सैंपल भेजने के मामले में भी जमकर लापरवाही की जा रही है। अब तक जिले से कुल 318 सैंपल ही बिलासपुर स्थित लैब पहुंच सका है। इसमें से सात सैंपल तो ऐसे थे जो जांच के योग्य ही नहीं थे। इसलिए ऐसे सात सैंपल को निरस्त कर फेंकवा दिया गया। जबकि दो सैंपल जांच में अमानक निकले। इससे साफ है कि सैंपल लेने से लेकर भेजने के मामले में अधिकारी गंभीर नहीं है।



योजना के शुरुआत की तुलना में वर्तमान स्थिति में गोबर बिक्री में गौपालकों की रूचि घटने लगी है। जुलाई 2020 ये लेकर मार्च 2021 के बीच 139348 क्विंटल गोबर खरीदी हुई थी। जबकि अप्रैल 2021 से मार्च 2022 तक सिर्फ 90350 क्विंटल गोबर ही खरीदा जा सका। यहीं नहीं वर्तमान वर्ष में अप्रैल से जून तक तक साढ़े 16 हजार क्विंटल गोबर खरीदा जा चुका है।

# चोरी के मोटरसायकिल व बर्तन के साथ आरोपीगण गिरफ्तार

**कोरबा।** प्रार्थी कृष्ण कुमार पांडे निवासी रजगामार के द्वारा चौकी रजगामार में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीती रात दिनांक 15 अगस्त 2022 की रात्रि 4.00 बजे आरोपीगण राकेश एवं राजेश के द्वारा घर का दरवाजा खोलकर घर में रखे मोटरसाइकिल सीजी 2-ए डब्ल्यू 3821 एवं बर्तन चोरी कर ले गए है। मामले में चौकी रजगामार में अपराध क्रमांक 474/22 धारा 457,380,34 पचब का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह भापुसे द्वारा अपराधिक घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही कर आरोपीगण के गिरफ्तार करने हेतु दिए गए निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा रापुसे के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक योगेश साहू रापुसे के पर्यवेक्षण में चौकी प्रभारी रजगामार सुरेश कुमार जोगी द्वारा तत्काल मामले की विवेचना शुरू की गई और अपने मातहत कर्मचारी आरक्षक राजू बंजारे तथा पंचूराम सिदार के साथ आरोपीगण को तलाश कर पूछताछ किया गया। जिनके निशानदेही पर एक लाल रंग का मोटरसाइकिल क्र सीजी 12-ए डब्ल्यू 3821 एक नग एल्यूमीनियम का गंज एवम ढक्कन, एक नग पीतल का मटकी, एक नग स्टील का मटकी एक नग जींस पेंट जप्त कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# पसान रेंज में हाथियों ने बकरा व गाय को उतारा मौत के घाट, फसलों को किया नुकसान

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज में मौजूद हाथी अब मवेशियों के दुश्मन बन गए हैं। हाथियों ने यहां के तुलबुल व एक अन्य गांव में हमला कर एक बकरा व गाय को मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं जाने से पहले हाथियों ने 4 घरों को तोड़ दिया तथा फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। बकरा व गाय को क्षेत्र में हाथियों द्वारा मारे जाने की सूचना पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और आवश्यक कार्यवाही की।

जानकारी के अनुसार पसान रेंज के लैंगा सर्किल में 23 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। यह दल बैरा परिसर के तुलबुल व आसपास के गांव में पहुंच गया और भारी उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों के दल में शामिल एक दंतैल ने तुलबुल निवासी रतन नामक ग्रामीण के बकरा को सुड़ से उठाकर पटक दिया, जिससे उसके प्राण पखेरू उड़ गए। इतना ही नहीं हाथियों ने चार ग्रामीणों के घरों को तोडऩे के साथ ही फसलों को भी मटियामेट कर दिया। यहां उत्पात मचाने के बाद हाथियों का दल पास के ही एक अन्य गांव में पहुंचा और वहां भी घर के बाहर बंधी एक गाय को निशाने पर लेते हुए उसे भी मौत के घाट उतार दिया। हाथियों के उत्पात से ग्रामीण काफी सहमे रहे। सुबह होने पर इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दी गई, जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और नुकसानी का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार की। उधर केंदई रेंज में भी 15 हाथियों का दल परला के आसपास विचरणरत है। इस दल ने भी खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचाया है।

# स्नेक रेस्क्यू टीम को आजादी के उत्सव पर मिला विशेष सम्मान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में स्नेक रेस्क्यू टीम को सम्मानित किया गया। यहां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक संगठनों और लोगों को जिला प्रशासन ने सम्मानित किया, जिससे उन्हें आगे भी अच्छा काम करने की प्रेरणा मिले।

वहीं सांपों से इंसानों की और इंसानों से सांपों की जान बचाने के लिए स्नेक रेस्क्यू टीम के अध्यक्ष जितेंद्र सारथी, सदस्य देवाशीष रॉय, राजू बर्मन, कुलदीप राठौर, शुभम सिंह और उनकी टीम को मोमेंटो प्रदान किया गया। इस मौके पर कोरबा के कलेक्टर संजीव झा ने कहा कि आप वन्य जीव की जान तो बचाते ही हैं, साथ ही सांपों से लोगों की रक्षा भी करते हैं, क्योंकि खतरा देखकर सांप भी लोगों को काट लेते हैं, जिससे कई बार उनकी जान चली जाती है।



वहीं लोग भी डरकर कई बार सांपों को मार देते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। ऐसे में स्नेक रेस्क्यू टीम काफी सराहनीय काम कर रही है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सीएसईबी ग्राउंड में आयोजित समारोह में इन सबको सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि आप अपनी जान की परवाह नहीं करते हुए जो काम कर रहे हैं, वो हर व्यक्ति के बस की बात नहीं है। कलेक्टर संजीव झा ने इन युवाओं को अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्नेक रेस्क्यू करने को कहा।

स्नेक रेस्क्यू टीम के अध्यक्ष जितेंद्र सारथी ने अपनी पूरी टीम की तरफ से जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस सम्मान से उन्हें आगे भी अच्छा काम करने के लिए प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने कहा कि ये हमारा कर्तव्य है कि हम अपने समाज में कुछ अच्छा करें। उन्होंने कहा कि हम बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं कि जिला प्रशासन ने हमारी मेहनत को सराहा, इससे हमारा मनोबल बढ़ा है। स्वतंत्रता दिवस समारोह में अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले, कोरबा पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, कोरबा डीएफओ प्रियंका पांडे, कटघोरा डीएफओ प्रेमलता यादव और हजारों दर्शक मौजूद रहे।

# शिव सैनिकों ने शान से फहराया तिरंगा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला कोरबा इकाई द्वारा आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर कोरबा जिलाध्यक्ष के प्रस्तावित कार्यालय के सामने ध्वजारोहण किया गया उक्त कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रवि मैजरवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया उसके पश्चात कोरबा विधानसभा अध्यक्ष रमेश श्रीवास द्वारा अपने उद्बोधन में आजादी में हमारे वीर शहीदों के बलिदान को याद कर उन्हें नमन किया गया, कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष विनय भारिया द्वारा स्वतंत्रता की लड़ाई में देश के महान क्रांतिकारियों के जीवन से परिचय कराया गया। कोरबा जिला कामगार सेना अध्यक्ष रामकुमार साहू ने इस स्वतंत्रता पर अपने कामगार साथियों के हक और अधिकार के लिए लडऩे एवं स्थानीय लोगों के विकास की बात कही अंत में रवि मैजरवार जिलाध्यक्ष द्वारा अपने उद्बोधन में सभी शिव सैनिक साथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आजादी के जश्न का जुनून हमारे शिवसैनिकों में कूट-कूट कर भरा हैए यही कारण है कि भारी बारिश होने के बावजूद भी सभी शिवसैनिक साथी ध्वजारोहण के लिए शामिल हुए साथ ही अपने स्थानीय लोगों के रोजगार एवं व्यापार व मूलभूत समस्याओं के लिए किए जा रहे आंदोलन में सभी शिवसैनिकों के भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। ध्वजारोहण पश्चात प्रस्तावित कार्यालय के सामने जिलाध्यक्ष रवि मैजरवार द्वारा नीम का औषधिय पौधे का रोपण किया गया।



स्वतंत्रता दिवस के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्ड अध्यक्ष वार्ड क्रमांक 42 दुर्गेश अहिरवार कटघोरा विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज भारिया दर्रीजोन अध्यक्ष राधे विश्वकर्मा एवं रूमगरा वार्ड के शेर सिंह वाह संजय की अहम भूमिका रही। कोरबा। छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला कोरबा इकाई द्वाराआजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर कोरबा जिलाध्यक्ष के प्रस्तावित कार्यालय के सामने ध्वजारोहण किया गया उक्त कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रवि मैजरवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया उसके पश्चात कोरबा विधानसभा अध्यक्ष रमेश श्रीवास जी द्वारा अपने उद्बोधन में आजादी में हमारे वीर शहीदों के बलिदान को याद कर उन्हें नमन किया गया, कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष विनय भारिया द्वारा स्वतंत्रता की लड़ाई में देश के महान क्रांतिकारियों के जीवन से परिचय कराया गया।

# कलेक्टर संजीव झा ने कलेक्टोरेट में किया ध्वजारोहण

**कोरबा।** कलेक्टर संजीव झा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट में राष्ट्र ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय ध्वज को सशस्त्र बलों की टुकड़ी द्वारा सलामी दी गई। ध्वजारोहण के दौरान सभी उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गाया। कलेक्टर ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर झा ने अपने शासकीय उत्तरदायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए राष्ट्र की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रेरित किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर



पर कलेक्टोरेट परिसर में इस बार आजादी का अमृत महोत्सव सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था। सेल्फी प्वाइंट पर कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने सहकर्मी और परिवार के साथ फोटो खिंचवाए। इस अवसर पर एडीएम विजेंद्र पाटले, जिला पंचायत के सीईओ नूतन कंवर, संयुक्त कलेक्टर अवध सिंह राणा, डिप्टी कलेक्टर भरोसा राम ठाकुर, हरिशंकर पैंकरा, सीमा पात्रे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर निवास में किया गया ध्वजारोहण- कलेक्टर संजीव झा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर निवास में ध्वजारोहण किया। झा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश को आजाद कराने में उनके योगदान के लिए नमन किया। इस अवसर कलेक्टर निवास में कार्यरत अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

**कोरबा।** आजादी का अमृत महोत्सव देश में पूरे जोर-सोर व उमंग-उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। भारत अपना 76 वॉ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। हर घर तिरंगा अभियान लोगो को देशभक्ति व एकता के सूत्र में पिरोने का बेहतरीन कार्य कर रहा है। हर वर्ष की भॉति इस वर्ष भी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में (75 वर्ष आजादी के



अमृत महोत्सव के तहत) संचालिका ब्रह्माकुमारी रूक्मणी दीदी ने संस्था में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सबको स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाऍं दी। इस अवसर पर डॉ. के.सी. देबनाथ, कमल कर्माकर, एस.मुर्ति व संस्था के सभी भाई-बहने उपस्थित रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षत्र में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU